Edit with WPS Office

Daily COVID-19 Updates

30 June, 2020

Dr. Syama Prasad Mookerjee Research Foundation

#AatmaNirbharBharatAbhiyan

#IndiaFightsCorona

Over 3.34 lakh people recover from COVID-19 so far; recovery rate improves to 59.06%.

Drug Controller General of India gives approval for human clinical trials of COVAXIN, the 1st potential Covid-19 Vaccine developed in India. The potential vaccine has been developed by Hyderabad-based Bharat Biotech, in association with Indian Council of Medical Research.

Government of India distributed 11.11 lakh N95 masks, 6.81 lakh PPE kits, 44.80 lakhs HCQ tablets and 425 ventilators to Delhi.

IIT-Kharagpur has developed a cyber-physical system based on artificial intelligence for monitoring social distancing in public places.

@spmrfoundation @spmrf.org

30 June 2020

Edit with WPS Office



Edit with WPS Office

श्रमिकों के हितों को सुरक्षित करती मोदी सरकार

कोरोना वायरस के चलते प्रवासी मजदूरों या दूसरे राज्यों में फंसे हुए प्रवासी मजदूरों की कठिनाइयों को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने प्रवासी श्रमिकों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए आत्मनिर्भर भारत योजना को मंजूरी दे दी है. प्रधानमंत्री श्री नरेन्‍ द्र मोदी की अध्‍ यक्षता में केन्‍ द्रीय मंत्रिमंडल ने करीब 8 करोड़ प्रवासियों के लिए केन्द्रीय भंडार से दो माह (मई और जून, 2020) तक प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम नि:शुल्क खाद्यान के आवंटन को मंजूरी दे दी है।

इससे करीब 2,982.27 करोड़ रूपए की खाद्य सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा अंतराराज्य परिवहन और लदाई-उतराई प्रभार और डीलरों की अतिरिक्त राशि/अतिरिक्त डीलर लाभ के लिए दिए जाने वाले करीब 127.25 करोड़ रूपए का वहन पूरी तरह से केन्द्र सरकार द्वारा किया जाएगा। इसके फलस्वरूप, भारत सरकार से मिलने वाली कुल अनुमान खाद्य सब्सिडी करीब 3,109.52 करोड़ होगी।

आत्मनिर्भर भारत योजना के अंतर्गत, खाद्यान्न का वितरण भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा पहले से ही शुरू किया जा चुकी है। तमिलनाडु के लिए 1109 मीट्रिक टन चावल और केरल के लिए 151 मीट्रिक टन चावल निर्गत किया जा चुका है, जिससे संबंधित राज्य सरकारें पात्र प्रवासी श्रमिकों के लिए वितरण को आगे भी जारी रख सकें। इस योजना के अंतर्गत, देश भर में खाद्यान्न पहुंचाने के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पहले ही की जा चुकी है और भारत के प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है।

देश के किसी भी हिस्से की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, अंडमान और लक्षद्वीप के द्वीपों सहित, देश की लंबाई और चौड़ाई में विस्तृत रूप से फैले हुए 2,122 गोदामों में स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। खपत वाले राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में खाद्यान्न के स्टॉक को रेल, सड़क और समुद्री मार्गों के माध्यम से उत्पादक क्षेत्रों से आवाजाही करके नियमित रूप से मंगाया जा रहा है। गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान अपने नीतिगत और दूरगामी लक्ष्यों को देखते हुए मोदी सरकार लगातार प्रयासरत है कि इस विपरीत परिस्थिति में भी श्रमिकों के हितों की रक्षा की जा सके।

Edit with WPS Office

PM Shri Narendra Modi's address to the nation- 30 June, 2020

- कोरोना वैश्विक महामारी के खिलाफ लड़ते हुए अब हम Unlock-Two में प्रवेश कर रहे हैं। और हम उस मौसम में भी प्रवेश कर रहे हैं जहां सर्दी-जुखाम, खांसी-बुखार ये सारे न जाने क्या क्या होता है, के मामले बढ़ जाते हैं.

- साथियों, ये बात सही है कि अगर कोरोना से होने वाली मृत्यु दर को देखें तो दुनिया के अनेक देशों की तुलना में भारत संभली हुई स्थिति में है। समय पर किए गए लॉकडाउन और अन्य फैसलों ने भारत में लाखों लोगों का जीवन बचाया है.

- जब से देश में Unlock-One हुआ है, व्यक्तिगत और सामाजिक व्यवहार में लापरवाही

Edit with WPS Office

भी बढती ही चली जा रही है। पहले हम मास्क को लेकर, दो गज की दूरी को लेकर, 20 सेकेंड तक दिन में कई बार हाथ धोने को लेकर बहुत सतर्क थे.

- लॉकडाउन के दौरान बहुत गंभीरता से नियमों का पालन किया गया था।अब सरकारों को, स्थानीय निकाय की संस्थाओं को, देश के नागरिकों को, फिर से उसी तरह की सतर्कता दिखाने की जरूरत है.

- विशेषकर कन्टेनमेंट जोंस पर हमें बहुत ध्यान देना होगा।जो भी लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे, हमें उन्हें टोकना होगा, रोकना होगा और समझाना भी होगा.

- लॉकडाउन के दौरान देश की सर्वोच्च प्राथमिकता रही कि ऐसी स्थिति न आए कि किसी गरीब के घर में चूल्हा न जले। केंद्र सरकार हो, राज्य सरकारें हों, सिविल सोसायटी के लोग हों, सभी ने पूरा प्रयास किया कि इतने बड़े देश में हमारा कोई गरीब भाई-बहन भूखा न सोए.

- देश हो या व्यक्ति, समय पर फैसले लेने से, संवेदनशीलता से फैसले लेने से, किसी भी संकट का मुकाबला करने की शक्ति बढ़ जाती है। इसलिए, लॉकडाउन होते ही सरकार, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना लेकर आई.

- बीते तीन महीनों में 20 करोड़ गरीब परिवारों के जनधन खातों में सीधे 31 हजार करोड़ रुपए जमा करवाए गए हैं। इस दौरान 9 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18 हजार करोड़ रुपए जमा हुए हैं.

- एक और बड़ी बात है जिसने दुनिया को भी हैरान किया है, आश्चर्य में डुबो दिया है। वो ये कि कोरोना से लड़ते हुए भारत में, 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को 3 महीने का राशन, यानि परिवार के हर सदस्य को 5 किलो गेहूं या चावल मुफ्त दिया गया.

- एक तरह से देखें तो, अमेरिका की कुल जनसंख्या से ढाई गुना अधिक लोगों को, ब्रिटेन की जनसंख्या से 12 गुना अधिक लोगों को, और यूरोपियन यूनियन की आबादी से लगभग दोगुने से ज्यादा लोगों को हमारी सरकार ने मुफ्त अनाज दिया है.

Edit with WPS Office

- त्योहारों का ये समय, जरूरतें भी बढ़ाता है, खर्चे भी बढ़ाता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार अब दीवाली और छठ पूजा तक, यानि नवंबर महीने के आखिर तक कर दिया जाए.

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के इस विस्तार में 90 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च होंगे। अगर इसमें पिछले तीन महीने का खर्च भी जोड़ दें तो ये करीब-करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपए हो जाता है.

- अब पूरे भारत के लिए एक राशन-कार्ड की व्यवस्था भी हो रही है यानि एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड 'one nation one ration card'। इसका सबसे बड़ा लाभ उन गरीब साथियों को मिलेगा, जो रोज़गार या दूसरी आवश्यकताओं के लिए अपना गाँव छोड़कर के कहीं और जाते हैं.

Positive India:

1. COVID Safety Social Distancing Mobile App in India: शारीरिक दूरी बनाए रखने में मददगार हैं ये एप्स- https://www.jagran.com/news/national-social-distancing-apps-you-must-download-on-your-phone-jagran-special-20455330.html

2. India Coronavirus Updates: देश में कोरोना के 3.34 लाख मरीज हुए ठीक, 58 फीसद स्वस्थ होने की दर- https://www.jagran.com/news/national-live-india-coronavirus-updates-3-lakh-coronavirus-patients-recover-till-the-date-20455074.html

3. COVID-19 से दुनिया में 5 लाख से ज्यादा मौतें लेकिन घट रहे मौत के दैनिक आंकड़े- https://www.jagran.com/news/national-more-than-5-lakh-deaths-in-the-world-due-to-covid-19-but-daily-figures-of-deaths-are-decreasing-jagran-special-20455253.html

Edit with WPS Office

4. कोरोनाकाल में अब तक 6 बार जनता से रूबरू हुए पीएम नरेंद्र मोदी, कहीं ये बातें- https://www.jagran.com/news/national-so-far-pm-narendra-modi-has-met-the-public-6-times-in-the-coronary-jagran-special-20455765.html

5. Indian Railways: रेल यात्रियों को मिली बड़ी राहत, स्पेशल ट्रेनों के लिए तत्काल टिकट बुकिंग की सुविधा शुरू- https://www.jagran.com/news/national-indian-railways-big-relief-to-train-passengers-as-tatkal-ticket-bookings-resume-20455911.html

6. PM Modi Address: पीएम मोदी की बड़ी घोषणा, गरीबों को नवंबर तक मिलेगा मुफ्त अनाज- https://www.jagran.com/news/national-live-pm-modi-to-address-nation-amid-fight-against-coronavirus-and-tension-between-india-china-lb-20455357.html

7. जानें कब और किन लोगों के लिए शुरू की गई थी पीएम गरीब कल् याण अन् न योजना- https://www.jagran.com/news/national-know-more-about-pm-gareeb-kalyan-ann-yojna-jagran-special-20456373.html

8. ऑक्सीजन यूनिट हुआ विकसित, वेंटिलेटर व सिलिंडरों के डिमांड में आएगी कमी: स्वास्थ्य मंत्री- https://www.jagran.com/news/national-csir-scientists-design-oxygen-enrichment-unit-that-can-be-used-in-homes-and-hospitals-says-health-minister-20455247.html

9. 48 घंटे में तैयार होगा 100 बिस्तर का फोल्डेबल अस्पताल, नहीं होगा आग और पानी का असर- https://www.jagran.com/news/national-madhya-ppradesh-100-bed-foldable-hospital-will-be-ready-in-just-48-hours-20455156.html

10. बेंगलुरु में कोरोना से लड़ने के लिए किया गया कीटाणुनाशक छिड़काव- https://www.jagran.com/news/national-bengaluru-deploys-disinfectant-spraying-cannons-to-combat-covid-20455154.html

Edit with WPS Office

11. देश की पहली कोरोना वैक्सीन तैयार, अगले महीने से इंसानों पर परीक्षण को मिली मंजूरी- https://www.jagran.com/news/national-india-first-coronavirus-vaccine-by-bharat-biotech-gets-dcgi-nod-for-human-clinical-trials-20453496.html

India Fights Corona (Updates):

भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से 418 मौतें हुईं और 18,522 नए मामले सामने आए। भारत में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 5,66,840 है, जिनमें 2,15,125 सक्रिय मामले, 3,34,822 ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले और 16,893 मौतें शामिल हैं:स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

29 जून तक कुल 86,08,654 सैंपल का टेस्ट किया गया, जिनमें से 2,10,292 सैंपल का टेस्ट कल किया गया: भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

दिल्ली में अब कंटेनमेंट ज़ोन की कुल संख्या 440 है। अब तक 91 ज़ोन को डी-कंटेन किया गया है।

दिल्ली में आज कोरोना वायरस के 2,084 नए मामले सामने आए हैं और 57 मौतें हुई हैं। राजधानी में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 85,161 हो गई है जिसमें 26,246 सक्रिय मामले, 56,235 ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले और 2,680 मौतें शामिल हैं: दिल्ली सरकार

जम्मू-कश्मीर में आज कोरोना वायरस के 144 नए मामले सामने आए हैं, 45 मामले जम्मू डिवीज़न के हैं और 99 कश्मीर डिवीज़न के। कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 7,237 है जिसमें 2,557 सक्रिय मामले, 4,585 ठीक हो चुके मामले और 95 मौतें शामिल हैं: जम्मू-कश्मीर सरकार

Edit with WPS Office

तमिलनाडु में लॉकडाउन 31 जुलाई तक बढ़ाया गया। चेन्नई और कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और तिरुवल्लुवर समेत मदुरै और ग्रेटर चेन्नई पुलिस की सीमा में 5 जुलाई तक पूर्ण लॉकडाउन रहेगा: राज्य सरकार

गुजरात में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से 19 मौतें हुईं और 626 नए मामले सामने आए। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 32,023 हो गई है जिसमें 23,248 डिस्चार्ज/ठीक हो चुके मामले और 1,828 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

पश्चिम बंगाल में पिछले 24घंटे में COVID19 के 624 नए मामले सामने आए हैं और 14 मौतें हुई हैं। राज्य में अब कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 17,907 है और कोरोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा 653 है। राज्य में कोरोना वायरस सक्रिय मामलों की संख्या 5,535 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

महाराष्ट्र में आज COVID19 से 181 मौतें हुईं और 5,257 नए मामले सामने आए हैं। 181 मौतों में से 78 मौतें पिछले 48 घंटों में हुईं हैं और 103 पहले की हैं। राज्य में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 1,69,883 हो गई है जिसमें 73,298 सक्रिय मामले शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

उत्तराखंड में कोरोना वायरस के 8 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 2,831 हो गई है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

पंजाब में आज कोरोना वायरस के 202 नए मामले सामने आए हैं, राज्य में अब COVID19 पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 5,418 हो गई है। पंजाब में आज कोरोना वायरस से 5 मौतें होने के बाद मौतों का आंकड़ा बढ़कर 138 हुआ। अब तक कुल 3,764 मरीज़ों को डिस्चार्ज किया गया है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

Edit with WPS Office

पिछले 24 घंटे में इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के 4 और कर्मी कोरोना वायरस पॉजिटिव आए हैं। सक्रिय मामलों की संख्या अब 81 है और अब तक कुल 236 कर्मी कोरोना वायरस से ठीक हुए हैं: इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस(ITBP)

आज 121 लोग कोरोना वायरस पॉजिटिव आए हैं, राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 4,311 हो गई है। राज्य में कोरोना वायरस सक्रिय मामलों की संख्या 2,057 है: केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन

तमिलनाडु में आज कोरोना वायरस के 3,949 नए मामले सामने आए हैं और कोरोना वायरस से 62 मौतें हुई हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 86,224 है जिसमें 47,749 डिस्चार्ज हो चुके मामले, 37,331 सक्रिय मामले और 1,141 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) से अनुमोदन मिलने के बाद हरियाणा अपने सभी मेडिकल कॉलेजों में प्लाज्मा थेरेपी शुरू करेगा: राज्य मंत्री अनिल विज

कल 24 घंटे में कोरोना के 685 मामले सामने आए हैं। प्रदेश में COVID-19 के सक्रिय मामलों की कुल संख्या 6,650 है। अब तक कुल 15,506 मरीज़ ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। रिकवरी रेट इस समय 66.86% है। अब तक 672 लोगों की कोरोना से मौत हुई है:अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य,उ.प्र.

बिहार में कोरोना वायरस के 282 और मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 9,506 हो गई है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

कोरोना काल में बैंकों की भांति और उपयोगी साबित हुए डाकघर

बैंकों की भांति डाकघरों को तमाम नई सेवाओं व सुविधाओं से लैस कर दिया गया है। सरकार ने इन्हें उपयोगी व कमाऊ बनाने के रास्ते खोज लिए हैं। करीब 1,900 करोड़ रुपये की एक परियोजना के तहत सरकार ने सौर ऊर्जा से चलने वाली बायोमैटिक हैंड मशीनें डाकियों को मुहैया कराई हैं जिनसे वे अब घर-घर जाकर मनीऑर्डर से लेकर जमा, निकासी आदि तमाम सुविधाएं आम जनता को देने लगे हैं।

Edit with WPS Office

ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) से लैस इन मशीनों से साधारण डाक, ई-मनीऑर्डर, स्पीड पोस्ट, बीमा प्रीमियम और अन्य ऐसे भुगतान जो बैंकों के माध्यम से किए जाते हैं समेत पैसा जमा करना व निकालना आदि आम जनता के लिए घर बैठे करना संभव हो चुका है। देश के समस्त डाकघरों को एकीकृत करने का काम शुरू हो चुका है और अब एक टोल फ्री नंबर द्वारा उक्त सेवाएं शुरू की जा रही हैं जिससे जनता घर बैठे अपने निकटतम डाकखाने से सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ उठा सके। बैंकों का आधुनिकीकरण होने व कोरियर कंपनियों की अच्छी सेवाओं के चलते पिछले एक दशक से डाकखानों का महत्व व उपयोगिता लगभग खत्म होने लगी थी और एक समय इनको बंद करने की मांग उठने लगी थी। डाकघर बहुत ज्यादा घाटे में आ गए थे और इनके अस्तित्व पर सवाल उठने शुरू हो गए थे। पर अब हालात कुछ बेहतर हुए हैं। हालांकि योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक उम्दा बुनियादी ढांचे का अभाव अभी भी कायम है और इसमें सुधार की उम्मीद फिलहाल कम ही प्रतीत हो रही है। सरकार ने डाकघरों में नेटवोकग व कंप्यूटरीकरण आदि का काम तो तेजी से आरंभ कर दिया है, किंतु प्रशिक्षण आदि व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया है। अभी तक डाकखानों में नोट गिनने और नकली नोटों की पहचान संबंधी मशीन भी नहीं लगाई गई है। बहरहाल नई हैंड मशीनों से न केवल डाक विभाग को, बल्कि आम जनता को भी घर बैठे तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो गई हैं।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-post-offices-proved-to-be-more-useful-like-banks-in-corona-era-jagran-special-20455461.html

Edit with WPS Office



Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Edit with WPS Office

Manujam Pandey